एक नजर में

## कर्बला की दास्तान पर फरमाई वाआज



**इंदौर.** दाऊदी बोहरा समाज के मोहर्रम के अशारा मुबारका की नौ दिनी वाआज बाबजी नगर में कर रहे जनाब इदरीस भाई नूर भाई ने कर्बला की दास्तान पर बयान फरमाए. यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि जनाब इदरीस भाई नूर भाई ने वाआज में कहा कि हमेशा इंसानियत की भलाई के काम करे। आपने कर्बला में तीन दिन के भुखे प्यासे इमाम हुसैन की शहादत के बयान भी फरमाएं. इस अवसर पर अश्कबार आंखों से पुरजोश मातम हुआ. हैदर अली बेग वाला की पार्टी वाआज में मतामी नोहा और मर्सिया पढ़ रहे है. वाआज में बड़ी संख्या में समाजवासी उपस्थित थे.

## एपीआई इंदौर की नई कार्यकारिणी घोषित





**इंदौर.** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई) इंदौर शाखा के लिए मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल को अध्यक्ष, रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत पांडे को निर्विरोध सचिव तथा डॉ. रवि भाटिया को क्लिनिकल सेक्रेटरी चुना गया है. नई कार्यकारिणी आगामी दो वर्षों में संगठन की शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और सशक्त बनाने का कार्य करेगी. इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष डॉ. आर. के. झा एवं सचिव डॉ. अभ्युदय वर्मा के योगदान की सराहना की गई. संस्था के पैट्रन डॉ. ए. के. पंचोलिया, डॉ. उल्लास महाजन, डॉ. सुबोध बांजल, डॉ. वी.पी. पांडेय एवं डॉ. प्रदीप मेहता ने यह जानकारी दी.

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से



**इंदौर.** श्री ग्वाल भैरव जनकल्याण समिति द्वारा श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर, विजय नगर चौराहा पर 22 से 24 जून तक शिव परिवार नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. तीन दिवसीय महोत्सव में विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे. 22 जून को कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, मंडल पूजन तथा शिव परिवार विग्रहों के जलाधिवास एवं धान्याधिवास के कार्यक्रम होंगे। 23 जून को वास्तु पूजन, विभिन्न हवन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा. 24 जून को योगीपीर रामनाथ महाराज (भरतरी गुफा, उज्जैन) के सान्निध्य में शिव परिवार विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा, महापूजन, महाआरती एवं पूर्णाहुति संपन्न होगी. सायंकाल कृष्णसखा भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा. कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी. महोत्सव के दौरान ब्रह्मलीन बाबा इंदरचंद्र यादव की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा.

## हिंदी नाटक मेरे कृष्ण का मंचन

**इंदौर.** लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में रविवार को संस्था रस भारती द्वारा सदस्यों के लिए आयोजित नाटक मेरे कृष्ण में देखने को मिला. नाटक की मंच सज्जा और ग्राफिक एक बार फिर दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना. 130 से अधिक कलाकारों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम के साथ प्रस्तुत किया जा रहा मेरे कृष्ण भारतीय रंगमंच की सबसे बड़े और महत्वाकांक्षी नाट्य प्रस्तुतियों में गिना जाता है. इसकी भव्यता, तकनीकी उत्कृष्टता और भावनात्मक गहराई इसे सामान्य नाटकों से अलग एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है. नाटक की प्रभावशाली पटकथा डॉ. नरेश कात्यायन द्वारा लिखी गई है, जबकि संगीत निर्देशन उद्धव ओझा ने किया है. प्रस्तुति के गीतों को स्वर दिया है प्रसिद्ध गायक शान, पलक मुच्छल और जावेद अली ने. श्रीकृष्ण ने जन्म से लेकर जीवन के हर क्षण में स्त्री को सम्मान दिया। राधा, ब्रज की गोपियां हो या 16 हजार रानियां हो। उन्होंने हर कदम पर स्त्री के वंदनीय और पूजनीय होने का संदेश दिया.

## हैबिल्ड ने बनाया 10वां विश्व रिकॉर्ड

**इंदौर.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले, भारत का आदत-निर्माण वेलनेस प्लेटफ़ॉर्म हैबिल्ड ने अपना 10वां विश्व रिकॉर्ड हासिल किया है. सिर्फ़ एक सप्ताह में 1 करोड़ से अधिक लोग इसके योग आंदोलन से जुड़े, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े सामुदायिक वेलनेस अभियानों में से एक बन गया है. यह उपलब्धि हैबिल्ड की राष्ट्रव्यापी पहल 'हर घर योगा. हर दिन होगा' के तहत हासिल की गई, जो लोगों को योग को साल में सिर्फ़ एक दिन तक सीमित रखने के बजाय रोज़ाना की आदत बनाने के लिए प्रेरित करती है. आईआईटी एलुमनस, सरकार द्वारा प्रमाणित योग विशेषज्ञ और हैबिल्ड के सह-संस्थापक सौरभ बोथरा द्वारा स्थापित इस प्लेटफ़ॉर्म ने दुनिया के सबसे बड़े वेलनेस समुदायों में से एक का निर्माण किया है. हैबिल्ड के सह-संस्थापक सौरभ बोथरा ने कहा हमारा 10वां विश्व रिकॉर्ड हासिल करना सिर्फ़ संख्याओं के बारे में नहीं है; यह उस बढ़ते आंदोलन का प्रतिबिंब है जिसमें लोग पूर्णता के बजाय निरंतरता को चुन रहे हैं. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के महत्व की याद दिलाता है, लेकिन असली बदलाव तब होता है जब योग हमारी रोज़ाना की ज़िंदगी का हिस्सा बन जाता है.

## ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट ने दिया ग्लोबल मार्केट में जाने का अवसर

**इंदौर.** इंदौर में बने डुवेट कवर हजारों मील दूर शिकागो के एक प्रीमियम बेडरूम तक पहुँच रहे हैं. करन सिंह द्वारा स्थापित प्रीमियम कॉटन बेडिंग ब्रांड, ईबेडी लिनेन रोज अपने प्रोडक्ट्स को एक्सपोर्ट कर रहा है. इंदौर स्थित यह माईक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राईज़ (एमएसएमई) एमेज़ॉन ग्लोबल सेलिंग की मदद से एक क्षेत्रीय स्टार्टअप से एक ग्लोबल बिज़नेस में बदल गया है, जिसके पास 200 से अधिक फुलफिल्ड बाय एमेज़ॉन (एफबीए) एसकेयू हैं. यह मध्य प्रदेश में 50 से अधिक लोगों को स्थानीय रोजगार दे रहा है. विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर देश की अर्थव्यवस्था में छोटे व्यवसायों की भूमिका को उजागर किया जा रहा है. इन्हीं व्यवसायों में से एक है ईबेडी लिनेन, जिसने दिखा दिया है कि भारतीय डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड किस प्रकार एक्सपोर्ट की बाधाओं को पार करके जवाबदेही के साथ विकास करते हुए पूरे विश्व का भरोसा जीत सकते हैं. करन सिंह ने कहा हम ऐसे प्रोडक्ट बनाना चाहते थे, जो क्वालिटी और क्राफ्ट्समैनशिप के ऊँचे मानक बनाए रखते हुए दैनिक जीवन में सुधार लेकर आएं. कपड़े को चुनने से लेकर उसकी सिलाई, पैकेजिंग और डिजाईन तक हर सुधार में ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया.

## अमेज़न ब्यूटीवर्स सबसे बड़े ब्यूटी उत्सव के रूप में संपन्न

**इंदौर.** प्राइम डे से ठीक पहले, अमेज़न इंडिया ने अपने अब तक के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट अमेज़न ब्यूटीवर्स के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया. इस आयोजन में 2,500 से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें प्राइम मेंबर्स, 1500 से अधिक क्रिएटर्स, प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स और अनन्या पांडे, जैकलिन फर्नांडीस, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, मीरा कपूर, करिश्मा कपूर जैसी कई जानी-मानी मशहूर हस्तियां शामिल थीं. मुंबई के प्रतिष्ठित वर्ली सी लिंक पर एक शानदार लैंडमार्क प्रोजेक्शन के साथ शुरू हुए ब्यूटीवर्स 2026 ने ब्यूटी की बदलती दुनिया का जश्न मनाया.

# मालवा की द्वारका में श्रद्धा का महासंगम

▸ **छह दिवसीय शिखर ध्वज, कलश एवं प्राण प्रतिष्ठा**



**तराना।** मालवा की पावन धरती पर स्थित श्रद्धा और आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारकाधीश मंदिर में भव्य एवं दिव्य शिखर ध्वज, कलश स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 22 जून से प्रारंभ हुआ। मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत आयोजित यह धार्मिक महोत्सव 27 जून 2026 तक श्रद्धा, भक्ति एवं सनातन संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरेगा।

मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस पुण्य अवसर पर संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में रंगने जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ 22 जून को प्रात: 8 बजे विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ, जो देवनारायण मंदिर, नयापुरा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री द्वारकाधीश मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन, धार्मिक अनुष्ठान एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संपूर्ण आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, धर्म एवं आध्यात्मिक चेतना का संवर्धन करना है। महोत्सव के अंतिम दिवस 27 जून को पूज्य संतश्री कमल किशोर जी नागर के दिव्य एवं प्रेरणादायी प्रवचन होंगे। इसी दिन वैदिक विधि-विधान के साथ शिखर ध्वज स्थापना, कलश स्थापना एवं भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा।

> जो नगरवासियों के लिए ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय क्षण बनेगा। मंदिर सेवा समिति ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन के साक्षी बनने तथा धर्मलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। यह महोत्सव न केवल मंदिर के नव वैभव का प्रतीक बनेगा, बल्कि मालवा की द्वारका के रूप में तराना की धार्मिक पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

## 40 वर्ष पुरानी बीमारियों से मरीजों को अब मिल रही निजात

**उज्जैन।** शहर के क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 जून तक पांच दिवसीय नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की नि:शुल्क जांच कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार कर रहे हैं। पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे वैद्य जायसवाल मुख्य रूप से उन मरीजों का इलाज कर रहे हैं जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं और जिन्हें कहीं और लाभ नहीं मिल पाया है। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की सुविधा है।

# रूपांतरण के प्रशिक्षकों ने 16 जगह 720 साधकों को कराया योगाभ्यास

▸ **कॉमन योग प्रोटोकॉल का कराया अभ्यास, स्वस्थ एवं जागरूक समाज निर्माण का लिया संकल्प**



**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने उज्जैन, बड़नगर एवं महिदपुर क्षेत्र के कुल 16 स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इन आयोजनों में कुल 720 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिनमें उज्जैन शहर के विभिन्न केंद्रों पर 480 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 240 साधक शामिल हुए।

इस वर्ष योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश अनुसार सभी आयु वर्ग के लोगों ने योग को केवल व्यायाम न मानकर इसे मानव चेतना, शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के लिए दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। रूपांतरण योग केंद्र में आयोजित मुख्य सत्र में माय भारत एवं मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता की।

**शहर में इन स्थानों पर हुआ आयोजन**

उज्जैन शहर में रूपांतरण योग केंद्र, बैंक ऑफ इंडिया, जीएसटी कार्यालय, डाक विभाग, देवासगेट, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र मक्सी रोड, वाल्मीकि धाम, पीपलीनाका, सहित विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए। संचालन प्रशिक्षक खुशाल चावड़ा, खुशबू शर्मा, निहारिका आसवानी, स्नेहा जादव, आयुषी ठाकुर, गरिमा गिरी, अर्पणा रॉय, आयुषी शर्मा, कुसुम सोलंकी, ज्ञानवती रैकवार, जयदीप सिंह, पंकज प्रजापति, अनुतोष नाइक, रीती शर्मा, कृति वर्मा एवं डॉ. मेनका कुरील ने किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महिदपुर में गायत्री परिवार का भव्य आयोजन



**महिदपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार महिदपुर शाखा ने योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजनो ने सहभागिता कर योग के महत्व को जाना और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। योगाचार्य दिनेश पोरवाल के निर्देशन में उपस्थित जनों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योगाचार्य ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य की एक संपूर्ण जीवन पद्धति है।

# श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की बैठक

***लंबित भुगतान और पेंशन को लेकर आंदोलन की रणनीति तय***



**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक शहीद पार्क में आयोजित की गई। बैठक में श्री सिंथेटिक्स कंपनी के कर्मचारियों के लंबित भुगतान, बकाया राशि, पेंशन बढ़ोतरी एवं श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कुछ दिन पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर लंबित भुगतान की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। इसके चलते बैठक में आगे की आंदोलन की रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा आंदोलन को तेज किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2006 में श्री सिंथेटिक्स कंपनी बंद होने के बाद से वे लगातार अपने हक के भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। शासन के विभागों से जानकारी मिली है कि श्री सिंथेटिक्स की लगभग 115 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग द्वारा परियोजना प्रस्तावित की गई है। यह भूमि वर्तमान में माननीय कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त लिक्विडेटर के अधीन है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनका लंबित हिसाब-किताब और बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक प्रस्तावित परियोजना का विरोध जारी रहेगा।

## श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

**उज्जैन।** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ उज्जैन जिला द्वारा अध्यक्ष रवि बिजोरिया के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बारेलाल अहिरवार, कृष्ण चौधरी तथा खिलान सिंह अहिरवार का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र भाटी, राजकुमार मालवीय पटेल, पार्षद दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, अनिल शेर सहित महापीठ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में चुन्नीलाल एवं गोपाल का भी स्वागत किया गया। वहीं संदीप सूर्यवंशी एवं राकेश सूर्यवंशी का साफा बांधकर सम्मान किया गया। मुकेश सुनहरे सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## रैली निकाल कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा द्वारा जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण प्रक्रिया के दौरान ओबीसी वर्ग के आंकड़े अलग से दर्ज नहीं किए जाने के विरोध में रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। तीसरे चरण में प्रदर्शन से पहले कोठी पैलेस स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद रैली कोठी रोड से शुरू होकर संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंची। जहां भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। रैली के दौरान संगठन के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। मुकेश मालवीय ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया के प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग के दौरान परिवार की श्रेणी से जुड़ी जानकारी ली जा रही है। अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय ने कहा कि जनगणना के लिए ऐप के माध्यम से डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जा रही है।



# आंगनवाड़ी में पौधारोपण

**घट्टिया।** सोमवार को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र घट्टिया क्रमांक 4 पर, पोषण वाटिका में ग्राम पंचायत द्वारा प्रदान किये गए पौधों का रोपण किया गया। प्रथम पौधा रोपण आंगनबाड़ी की किशोरी बालिका सविता परमार के जन्म दिवस पर उनके हाथों करवाया गया। अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच यशवंत मालवीय, तदर्थ समिति अध्यक्ष मोहन पलोड, सहायक सचिव मनोज मकवाना, जनपद शिक्षा केन्द्र के दीपेन्द्र तिवारी, जन शिक्षक किशोर सिंह हीरावत, सान्दीपनि विद्यालय शिक्षक दिलीप सिंह पंवार, लोकेश सुनेहरिया उपस्थित रहे। सुरजना, आम, आंवला, संतरा, बादाम, नीम आदि के पौधे रोपे गए। सरपंच यशवंत मालवीय, दीपेंद्र तिवारी, किशोर सिंग हीरावत व मोहन पलोड ने आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए नई पहल करते हुए, बच्चों की यूनिफॉर्म के लिए सभी ने 1-1 हजार रुपये कुल 4। हज़ार रुपये की सहयोग राशि आंगनबाड़ी को प्रदान की।

## महापौर टटवाल ने किया निगम कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा सोमवार को नगर निगम कंट्रोल रूम पहुंचकर प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही निर्देशित किया कि वर्तमान में बारिश का समय प्रारंभ हो चुका है। कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण किया जाए निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा कंट्रोल रूम पर कार्यरत कर्मचारियों से उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई। कंट्रोल रूम पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि निगम कंट्रोल रूम सातों दिन 24 घंटे चालू रहता है। शिफ्ट अनुसार कर्मचारियों को कंट्रोल रूम पर नियुक्त किया गया है। जो शिकायतें प्राप्त होती है। उन समस्याओं को रजिस्टर में दर्ज करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल भेजते हुए निश्चित समय अवधि में कार्रवाई की जाती है। महापौर ने निर्देशित किया कि बारिश के दौरान आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता हो, वार्डों में कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित होती है तो उसका तत्काल समाधान किया जाए।



# माहेश्वरी समाज ने निकाली इस्कॉन मंदिर से रैली

**उज्जैन।** महेश नवमी महोत्सव 2026 के अंतर्गत भव्य वाहन रैली एवं श्री महेश मेले का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रमों में माहेश्वरी समाज के युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं बच्चों सहित लगभग 800 समाजजनों ने सहभागिता की।

सुबह भव्य वाहन रैली का शुभारंभ इस्कॉन मंदिर से हुआ। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री महेशधाम, अंकपात मार्ग पहुंची। उज्जैन नगर माहेश्वरी सभा अध्यक्ष संजय लड्ढा ने बताया कि रैली में समाज के युवाओं एवं नारी शक्ति ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए सामाजिक एकता, संस्कारों एवं सांस्कृतिक गौरव का प्रभावी संदेश दिया। महेश नवमी कार्यक्रम के मुख्य संयोजक योगेश मंडोवरा, निलेश हेडा एवं अभिनंदन शारडा ने बताया कि सायंकाल देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में आयोजित श्री महेश मेले में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा भव्य शिव स्तुति, शिव तांडव, वंदना के द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। व्यापार, शिक्षा, रोजगार, लाइफस्टाइल एवं विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जो समाजजनों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

**एक नजर** ▸ **विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने मारी बाजी**

# क्रिकेट में नरसिंहा वारियर्स बनी चैंपियन



**उज्जैन।** श्री माहेश्वरी सभा गोला मंडी और माहेश्वरी समाज नरसिंह मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के तहत 21 जून को आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में नरसिम्हा वारियर्स ने खिताब अपने नाम किया। वहीं, श्री माहेश्वरी भवन गोला मंडी में विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेता और उपविजेता टीमों तथा प्रतिभागियों को 28 जून की शाम माहेश्वरी भवन में पुरस्कृत किया जाएगा।

आठ टीमों के बीच हुए मुकाबले, सुपर किंग्स रही उपविजेता-क्रिकेट प्रतियोगिता मुख्य अतिथि सावन बजाज व सपन माहेश्वरी और राधेश्याम चौखड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आठ टीमों के मध्य हुए मुकाबलों में नरसिम्हा वारियर्स विजेता और माहेश्वरी सुपर किंग्स उपविजेता रही। विजेता टीम में कप्तान विजय जाजू, पुलकित झंवर, शुभम झंवर, हवन मूंदड़ा, अंकेश राठी, आयुष माहेश्वरी, हार्दिक बजाज, महेश तोषनीवाल और सजल बाहेती शामिल थे। वहीं, उपविजेता टीम में कप्तान अमन भूतड़ा, माधव भूतड़ा, माधव बाहेती, संजय कोठारी, प्रदीप आगीवाल, मनीष राठी, मंगल भूतड़ा, प्रतीक काबरा और कृष्ण कांत खडलोया ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के दौरान विशेष अतिथि के रूप में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, ओमप्रकाश काबरा, महेश चांडक, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, भूपेंद्र भूतड़ा, नरसिंह इनानी, नरसिंह देवपुरा, अतुल देवपुरा, एडवोकेट राजकुमार झंवर, एडवोकेट भूपेंद्र जाजू, गिरीश भट्टड़, संदीप भूतड़ा, दिनेश डाढ़, मनोज बियाणी, राम मंत्री, मनसुख लाल झंवर, कमलेश मंत्री, प्रशांत बंग, डॉ. सर्वेश माहेश्वरी, नीलेश कोठारी, लक्ष्मीनिवास झंवर और कैलाश जैथल्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और ट्रॉफी प्रायोजन अर्पण इनानी ने किया। आभार अंकुश धूत ने माना।



## वार्ड 40 में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सीएम मोनिट विशेष निधि की राशि रुपए लगभग 50 लाख की लागत से क्षेत्र अंतर्गत बनने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं महामंत्री आनंद सिंह खींची, कमल बैरवा, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, हजारी हनुमान के महंत काशी दास जी महाराज, पार्षद जानी बाई सतीश राठौर की उपस्थिति में हुआ। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत सरिता ट्रेडर्स के पास स्थित विभिन्न गलियों में नगर निगम द्वारा सीएम मोनिट विशेष निधि की राशि के अंतर्गत 50 लाख की राशि से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा।